बिहार विधान परिषद्

188वां सत्र

तारांकित प्रश्न
वर्ग – 5

2 चैत्र, 1940 (श.)
शुक्रवार, तिथि ---------------------------------
23 मार्च, 2018 ई.

प्रश्नों की कुल संख्या – 26

1.	शिक्षा विभाग	....	....	22
2.	विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग	....	....	01
3.	कला, संस्कृति एवं युवा विभाग	....	....	03
			कुल योग –	**26**

सूद समेत भुगतान

* 359. **श्री संजीव कुमार सिंह** : क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि वित्त अनुदानित शिक्षण संस्थानों का अनुदान 4-6 वर्षों से बकाया है जिस कारण प्रभावित शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों को आर्थिक संदर्भ में अपने तथा आश्रितों के जीवनयापन में भारी आफत-विपत का सामना करना पड़ रहा है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार इनके बकाये अनुदान का सूद समेत भुगतान करने का विचार रखती है, यदि नहीं तो क्यों ?

एस्ट्रोटूरिज्म प्रोजेक्ट

* 360. **डा. दिलीप कुमार जायसवाल** : क्या मंत्री, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि आर्यभट्ट की वेधशाला कही जाने वाली खगौल, तारेगना व तारेगना टाप की पहचान दिलाने के लिए सरकार ने एस्ट्रोटूरिज्म प्रोजेक्ट की घोषणा की थी;

(ख) क्या यह सही है कि घोषणा के चार वर्ष बाद भी विभाग कंपनियों से रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल ही मांग रही है;

(ग) क्या यह सही है कि पदाधिकारी एवं विशेषज्ञ की लालफिताशाही के कारण 2013-14 के बजट भाषण में प्रावधान के बावजूद भी यह मामला फाइलों में धूल फांक रहा है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अपने 2013-14 के बजट भाषण के प्रावधान को धरातल पर उतारना चाहती है ?

प्रसव अवकाश

* 361. **प्रो. नवल किशोर यादव** : क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि राज्य में महिला राज्य कर्मियों को 180 दिनों के प्रसव अवकाश का लाभ दिया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि इस अवकाश का लाभ, शैक्षणिक संस्थानों की महिलाओं को भी देय है किन्तु मगध विश्वविद्यालय सहित इसके अधीनस्थ सभी कॉलेजों की शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक महिला कर्मियों को 180 दिनों के प्रसव अवकाश का लाभ नहीं दिया जा रहा है जिससे महिला कर्मियों में भारी रोष एवं असंतोष व्याप्त है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थिति में अन्य महिला कर्मियों की भांति मगध विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक महिला कर्मियों को 180 दिनों के प्रसव अवकाश का लाभ देने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों?

वेतनमान का लाभ

* 362. **श्री संजीव श्याम सिंह** : क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि कोई भी अधिसूचना या संकल्प जारी होने की तिथि से ही मान्य समझा जाता है ना कि पीछे की तारीख से;

(ख) क्या यह सही है कि 15.2.2011 से 31.8.13 के बीच बहाल हुए संस्कृत एवं मदरसा शिक्षक वेतनमान में बहाल हुए थे;

(ग) क्या यह सही है कि 31.8.13 को जारी हुए संकल्प में 15.2.11 से 31.8.13 के बीच बहाल शिक्षकों को एक संकल्प के तहत नियोजित शिक्षकों में परिवर्तित कर दिया गया है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार 15.2.11 से 31.8.13 के बीच बहाल शिक्षकों को वेतनमान में करने का विचार रखती है ?

पद का सृजन

* 363. **श्री केदार नाथ पाण्डेय** : क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि 02 अक्टूबर, 1980 के बाद किसी भी राजकीय अथवा राजकीयकृत विद्यालयों में शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के पद सृजित नहीं किये गये;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य के सभी विद्यालयों के अधिकांश शिक्षक बिहार विद्यालय परीक्षा समिति एवं अन्य विभागीय कार्यों में ही व्यस्त रहते हैं तथा लिपिक और चपरासी के बिना सारे कार्य का निष्पादन करना होता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कब तक सभी राजकीय एवं राजकीयकृत माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के पदों का सृजन कर बहाली करना चाहती है ?

शिक्षक प्रशिक्षण

* 364. **श्री नीरज कुमार** : क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि 1995 में शिक्षकों को प्रशिक्षित करने के लिए डायट डी.आई.ई.टी. एवं प्राथमिक शिक्षक एवं प्रशिक्षण संस्थान बंद करने का तत्कालीन सरकार ने नीतिगत फैसला लिया था;

(ख) क्या यह सही है कि वर्तमान सरकार द्वारा शिक्षकों को प्रशिक्षित करने के लिए डायट सहित अन्य शिक्षक प्रशिक्षण चालू कर दिया गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बताएगी कि वर्तमान समय में कितने डायट सहित शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान कार्यरत हैं ?

पुन: नियुक्ति

* 365. **प्रो. संजय कुमार सिंह** : क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत शाहपुर प्रखंड के मध्य विद्यालय, फतेहपुर में विगत दस वर्षों से मध्याह्न भोजन बनाने वाली महिला श्रीमती कुन्ती देवी को बगैर किसी कारण के सेवा निवृत्त करार दे दिया गया;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त महिला श्रीमती कुन्ती देवी को पुन: नियुक्त करने का विचार रखती है ?

अनियमितता की जांच

* 366. **श्री सी. पी. सिन्हा** : क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि राज्य सरकार द्वारा सरकारी विद्यालयों के बच्चों को दी जाने वाली साइकिल, पोशाक योजनाओं में बड़ी वित्तीय अनियमितता सामने आई है। समस्तीपुर जिलान्तर्गत निजी (गैर अनुदानित) विद्यालयों के छात्रों को 60 लाख रुपये की राशि वितरित कर दी गई;

(ख) क्या यह सही है कि तत्कालीन डी.पी.ओ. द्वारा गैर अनुदानित विद्यालयों को वित्तीय वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 में लगातार साइकिल व पोशाक योजनाओं की राशि बांट दी गई;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त जिला में हुई अनियमितता की जांच करवाते हुए ठोस कार्रवाई करना चाहती है, यदि नहीं तो क्यों ?

लाईब्रेरी एवं चबूतरा का निर्माण

* 367. **श्री बीरेन्द्र नारायण यादव** : क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि सिवान जिलान्तर्गत मैरवा प्रखंड के ग्राम सेमरा में बी.आर. अम्बेडकर की मूर्ति स्थापित है;

(ख) क्या यह सही है कि वहां की जनता बहुत दिनों से अम्बेडकर लाईब्रेरी तथा चबूतरा के निर्माण की मांग कर रही है;

(ग) क्या यह सही है कि सेमरा गांव स्थित अम्बेडकर मूर्ति स्थल के परिसर में खाली जमीन पर एक लाईब्रेरी तथा एक चबूतरा का निर्माण कराने की आवश्यकता है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मैरवा प्रखंड के सेमरा गांव में अम्बेडकर मूर्ति स्थल के परिसर में एक अम्बेडकर लाईब्रेरी जनता के बौद्धिक विकास के लिए तथा एक चबूतरा निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

दंडात्मक कार्रवाई

* 368. **श्री हीरा प्रसाद बिन्द** : क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि स्थायी, नियमित, वेतनमान एवं गैर योजना में कार्यरत 50 वर्ष से ऊपर उम्र की महिला शिक्षिकाओं को भी प्रत्येक माह में लगातार दो दिनों का देय विशेष अवकाश सरकार द्वारा दिया जाता है;

(ख) क्या यह सही है कि नालंदा जिलान्तर्गत प्रखंड-एकंगरसराय स्थित राजकीय बुनियादी विद्यालय पार्थू-मखदुमपुर के प्रधानाध्यापक (अ.श. से) द्वारा अपने अधीनस्थ कार्यरत उक्त कोटि एवं उम्र की महिला शिक्षिकाओं को सरकारी आदेश का वास्ता देकर विगत छ: महीनों से देय विशेष अवकाश बंद कर दिया गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सरकारी नियम नहीं मानने, महिला कर्मियों को उत्पीड़ित करने के कारण, उक्त प्रधानाध्यापक पर दण्डात्मक कार्रवाई करेगी, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

बढ़ोत्तरी का विचार

*369. **श्री राधाचरण साह** : क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि देश भर की यूनिवर्सिटीज और कॉलेजों की संख्या में इजाफा हुआ है, लेकिन इसके बावजूद प्रति लाख छात्रों के मामले में बड़ा राज्य बिहार कहीं पीछे पड़ गया है और जहां प्रति लाख छात्रों पर कॉलेजों की संख्या बहुत ही कम है, जिससे छात्रों के नामांकन में कठिनाई हो रही है;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य के कॉलेजों की संख्या राष्ट्रीय स्तर पर बहुत कम है, वहीं सिर्फ लड़कियों के लिए संचालित होने वाले कॉलेजों का अनुपात भी कम हुआ है, जिससे विवशतावश लड़कियों को सामान्य कॉलेजों में दाखिला लेना पड़ता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार लड़कियों की सुगमता के लिए विश्वविद्यालय स्तर से महिला महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय की संख्या में बढ़ोत्तरी करने का विचार रखती है ?

नियुक्ति का विचार

* 370. **श्री संजय प्रकाश** : क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि बिहार के प्राथमिक व मध्य विद्यालयों में शिक्षकों के लाखों पद रिक्त हैं;

(ख) क्या यह सही है कि टी.ई.टी. एवं सी.टी.ई.टी. उत्तीर्ण छात्र काफी संख्या में बेरोजगार हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो विभाग इनकी नियुक्ति के संदर्भ में विचार रखता है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

राशि का आवंटन

* 371. **डा. मदन मोहन झा** : क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत प्रखंड मनीगाछी के उ.वि. माऊवेइट में 40 लाख की राशि भवन निर्माण हेतु विभाग से आवंटित हुई थी, जो राशि पुन: विभाग द्वारा वापस कर ली गई;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार पुन: 40 लाख की राशि भवन निर्माण हेतु उक्त विद्यालय को अविलम्ब आवंटित करना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

जीवन यापन भत्ता

*372. **श्री देवेश चन्द्र ठाकुर** : क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि पटना शहर के थाना कोतवाली के केस सं.-32/2016 के तहत बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के 4 व्यक्ति डबल प्रवेश-पत्र निर्गत करने में 20.7.16 को जेल गये थे;

(ख) क्या यह सही है कि श्री अरुण कुमार सिंह सहित 2 व्यक्ति को 31.8.16 को न्यायालय द्वारा कारावास से मुक्त किया गया;

(ग) क्या यह सही है कि श्री अरुण कुमार सिंह के अतिरिक्त 2 कर्मचारियों को योगदान कराकर जीवन यापन भत्ता का भुगतान 1.9.16 को किया गया है;

(घ) क्या यह सही है कि श्री अरुण कुमार सिंह के संबंध में महाधिवक्ता द्वारा 13.12.16, 7.3.12 को स्पष्ट मंतव्य दिया गया था कि नियमित कर्मियों की भांति तदर्थ कर्मियों को भी जीवन यापन भत्ता का भुगतान किया जाए;

(ङ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार श्री अरुण कुमार सिंह, सहायक को निलंबन अवधि का जीवन यापन भत्ता भुगतान करना चाहती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

कार्रवाई का विचार

*373. **श्री सुबोध कुमार** : क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि सरकार का ध्यान दिनांक-18.2.18 को दैनिक हिन्दुस्तान (सुपौल संस्करण) के शीर्षक शिक्षकों के वेतन भुगतान में करोड़ों की धांधली की ओर गया है;

(ख) क्या यह सही है कि सुपौल जिला के शिक्षा विभाग में 42 वर्ष के सेवाकाल में 18 वर्ष होने तक सेवावधि को घटाकर सेवानिवृत्ति देनी थी;

(ग) क्या यह सही है कि स्थानीय पदाधिकारियों द्वारा सौ से अधिक शिक्षकों की फर्जी तरीके से पदस्थापना दिखाकर हाई कोर्ट के फर्जी आदेश के आधार पर प्रत्येक शिक्षकों को 15 लाख से 20 लाख रुपये तक का भुगतान कर दिया गया है जिससे सरकार को करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार फर्जी आदेश एवं पदस्थापन के आधार पर करोड़ों रुपये का भुगतान करने वाले पदाधिकारी, सुपौल को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए उनके विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक ?

विकसित करने का विचार

*374. **श्रीमती रीना देवी** : क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि नालंदा जिलान्तर्गत स्वामी हंसदेव मुनी उदासीन संस्कृत महाविद्यालय, बड़ी संगत, राजगीर एकमात्र संस्कृत महाविद्यालय है, जो वर्ष 1980 से संचालित है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त महाविद्यालय के पास अपनी पर्याप्त भूमि है तथा विदेशी सैलानी भी जहां आते जाते रहते हैं तथा जहां पठन-पाठन का कार्य सुचारु रूप से चल रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड 'क' में वर्णित महाविद्यालय को संबद्धता प्रदान करने तथा सरकारी राशि आवंटित कर उक्त महाविद्यालय को राष्ट्रीय स्तर के संस्कृत महाविद्यालय के तर्ज पर विकसित करने का विचार रखती है ?

स्टेडियम निर्माण

*375. **श्री राजेश कुमार उर्फ बबलू गुप्ता** : क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि पूर्वी चम्पारण के युवा वर्ग में खेल के प्रति बहुत दिलचस्पी है परन्तु स्टेडियम के अभाव में उनकी प्रतिभा कुंठित हो रही है;

(ख) क्या यह सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के पहाड़पुर प्रखंड के उत्तरी नोनेया पंचायत में एक बहुत बड़ा भूखंड उपलब्ध है, जो स्टेडियम निर्माण के लिए पूर्णत: उपयुक्त है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस पंचायत में एक बड़े स्टेडियम के निर्माण पर तत्काल विचार करना चाहती है जिससे युवाओं में खेल भावना को प्रोत्साहन मिल सके ?

कब्जा हटाने की कार्रवाई

*376. **श्री हरिनारायण चौधरी** : क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि समस्तीपुर जिला अंतर्गत आर.एस.बी.इंटर विद्यालय, समस्तीपुर में अवैध रूप से एक कमरा एवं खाली जगह पर किसी अन्य व्यक्ति द्वारा कब्जा कर लिया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त कमरा एवं खाली जगह में एक जेनरेटर लगा दिया गया है जिससे उक्त विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को जेनरेटर चलने की वजह से काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार तत्काल उक्त कमरा, खाली जगह एवं जेनरेटर को हटवाने से संबंधित कार्रवाई करेगी, यदि हां तो कबतक ?

ठोस कार्रवाई

* 377. **श्री रणविजय कुमार सिंह** : क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि राज्य की मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा में प्रत्येक साल प्रश्न पत्र लीक होता रहता है;

(ख) क्या यह सही है कि प्रत्येक साल प्रश्न पत्र लीक होने के बावजूद बोर्ड आंख बंद कर सोया रहता है और राज्य की छवि खराब होती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अविलंब प्रश्न पत्र लीक नहीं हो, इसके लिए ठोस कार्रवाई करना चाहती है, यदि नहीं तो क्यों ?

मूर्तियों का रख-रखाव

* 378. **श्री अशोक कुमार अग्रवाल** : क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(क) क्या यह सही है कि बिहार में महापुरुषों की स्थापित मूर्तियों के रख-रखाव की समुचित व्यवस्था की जाती है;

(ख) क्या इसके लिए किसी प्रकार की स्थानीय कमिटी का निर्माण किया गया है;

(ग) क्या सरकार महापुरुषों के सम्मान एवं अपनी संस्कृति को ध्यान में रखते हुए महापुरुषों की स्थापित मूर्तियों के रख-रखाव एवं साफ-सफाई के लिए एक कारगर योजना बनाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

अन्तरजिला स्थानान्तरण

* 379. **श्री राम लषण राम 'रमण'** : क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि 34,540 कोटि के नियुक्त प्राथमिक शिक्षकों में लगभग (14) चौदह हजार महिला शिक्षकों तथा 1165 पुरुष शिक्षकों का स्थानान्तरण उनके गृह जिलों में कर दिया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि वैसे शिक्षकों, जिनके आश्रित असाध्य रोगों से ग्रसित हैं से अन्तरजिला स्थानान्तरण हेतु आवेदन आमंत्रित किए गये थे, जिनमें साढ़े चार हजार आवेदन निदेशालय में लंबित पड़े हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक लंबित आवेदकों का अन्तरजिला स्थानान्तरण करना चाहती है, नहीं तो क्यों ?

उम्र सीमा में बढ़ोत्तरी

* 380. **श्री अर्जुन सहनी** : क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि राज्य के महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में कार्यरत व्याख्याताओं एवं प्राध्यापकों की सेवा निवृत्ति की उम्र सीमा 62 वर्ष से बढ़ाकर 65 वर्ष की गयी है;

(ख) क्या यह सही है कि पूर्व में व्याख्याताओं-प्रध्यापकों एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारियों की सेवा निवृत्ति की उम्र सीमा समान थी;

(ग) क्या यह सही है कि महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में कार्यरत कर्मियों की सेवा निवृत्ति की उम्र सीमा नहीं बढ़ाये जाने के कारण उनकी कार्यक्षमता प्रभावित हो रही है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गैर शैक्षणिक कर्मियों की उम्र सीमा 62 वर्ष से बढ़ाकर 65 वर्ष करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

आधारभूत संरचना

* 381. **श्री राजेश राम** : क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिले के मुख्यालय बेतिया में जिला शिक्षा पदाधिकारी का कार्यालय शहर से बाहर किराये के मकान में चलता है, जिसमें आधारभूत संरचना का घोर अभाव है;

(ख) क्या यह सही है कि जिला शिक्षा पदाधिकारी का कार्यालय समाहरणालय स्थित भवन में नहीं संचालित कराकर शहर से बाहर बानू छापर में किया जाता है जहां पर छोटे-छोटे दर्बानुमा केबिन में डी.ई.ओ., डी.पी.ओ. तथा अन्य कर्मचारी बैठने पर विवश हैं;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त कार्यालय में बिजली, पानी और शौचालय की सुविधा नगण्य है साथ ही कार्यालय कार्य से आये व्यक्तियों को धूप, गर्मी एवं बरसात के दिनों में बैठने में कठिनाई है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जिला शिक्षा विभाग के कार्यालय को बेतिया समाहरणालय स्थित भवन में स्थानांतरित करके उक्त विभाग को आधारभूत संरचना उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक ?

रकम खजाने में

* 382. **श्री शिव प्रसन्न यादव** : क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि भोजपुर एवं बक्सर जिला में विभिन्न जगहों पर सरकारी निधि एवं सरकारी जमीन पर पुस्तकालय बने हैं;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त पुस्तकालयों के कुछ भागों का व्यवसायिक उपयोग किया जा रहा है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त पुस्तकालयों के भू-भागों से किराया के रूप में मोटी रकम पुस्तकालय के निजी संचालक व्यक्तिगत हित में वसूल करते हैं;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त व्यवसायिक भाड़ा से प्राप्त मोटी रकम को सरकारी खजानों में जमा कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

प्रखंडों में स्टेडियम निर्माण

* 383. **श्री दिलीप राय** : क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि शिवहर जिला मुख्यालय सहित सभी प्रखंडों में एक भी स्टेडियम नहीं है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जिला मुख्यालय सहित शिवहर जिला के सभी प्रखंडों में एक-एक स्टेडियम का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

चंदन की बरामदगी

* 384. **श्री लालबाबू प्रसाद** : क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि कामेश्वर सिंह दरभंगा विश्वविद्यालय परिसर में प्रशासनिक भवन के पास स्वास्थ्य केन्द्र व स्वागत कक्ष के बीच लगे चंदन के पेड़ का पांच फुट लंबा व दो फुट मोटा टुकड़ा काटकर तस्कर के फरार होने की बात सामने आई है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त चंदन की चोरी से विश्वविद्यालय को राजस्व की क्षति हुई है;

(ग) क्या यह सही है कि विश्वविद्यालय में नियुक्त सुरक्षा गार्ड की तैनाती है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कामेश्वर सिंह दरभंगा विश्वविद्यालय परिसर में चंदन के पेड़ की चोरी के लिए एफ.आई.आर. दर्ज कर कार्रवाई करना चाहती है एवं चंदन की बरामदगी करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

पटना
दिनांक 23 मार्च, 2018 ई.

सुनील कुमार पंवार
सचिव
बिहार विधान परिषद्